卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 258 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦29 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक नदी में गिरा, दो की मौत



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सेराघाट क्षेत्र में गैस सिलिंडर से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया। हादसे में चालक और परिचालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की जांच की जा रही है। हादसे में मृत कंडक्टर की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम एलपीजी सिलिंडर लेकर हल्द्वानी से बेरीनाग की ओर जा रहा ट्रक संख्या- यूके 04 सीबी-3110 अल्मोड़-सेराघाट सड़क में मंगलता से आगे टानी के पास अचानक अनियंत्रित होकर जैगन नदी में गिर गया। ट्रक में लदे सभी सिलिंडर खाई और नदी में बिखर गए। ग्राम प्रहरी की सूचना के बाद धौलछीना थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। खाई में ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर अचेत अवस्था में पड़े थे। आपात कालीन सेवा 108 के माध्यम से दोनों को सीएचसी धौलछीना लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष (शेष पृष्ठ सात पर)

## पिकप खाई में गिरने से एक की जान गयी,एक घायल

श्रीनगर(उद संवाददाता)। नेशनल हाइवे पर शिवमूर्ति के पास एक पिकअप वाहन 50 मीटर गहरी खाई में गिर गयी। स्थानीय लोगों ने जब वाहन खाई में गिरने की आवाज सुनी तो वो घटना स्थल की तरफ भागे। आनन-फानन में लोगों ने इसकी सूचना देवप्रयाग पुलिस को दी। सूचना मिलते ही देवप्रयाग सहित आसपास की चौकियों की रेस्क्यू टीमें घटना स्थल पर पहुंची। तुरंत रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। दो घायलों को सड़क पर लाया गया। इनमें से एक घायल की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गयी। दूसरे घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना के अनुसार सुबह करीब सवा छह बजे थाना देवप्रयाग को सूचना मिली कि शिव मूर्ति के पास एक पिकअप वाहन खाई में गिर गया है। उसमें 2 व्यक्ति (शेष पृष्ठ सात पर)



## पनीर प्लांट में छापा, नकली पनीर बरामद

देहरादून(उद संवाददाता)। रायवाला के हरिपुरकलां में एक पनीर प्लांट में एफडीए की टीम ने छापा मारा। वहां एसिटिक एसिड और पाम आयल से पनीर निर्माण होता पाया गया। संदिग्ध खाद्य पदार्थो के नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिला अभिहित अधिकारी पीसी जोशी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम ने पनीर प्लांट पर छापेमारी की। मौके पर पनीर बनाने में उपयोग किया जा रहा 80 किलो आरारोट, 60 किलो ऐसेटिक एसिड व 20 लीटर पाम आयल बरामद हुआ। कारोबारी पंकज त्रिपाठी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए सभी संदिग्ध मिलावटी खाद्य पदार्थ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इससे पूर्व सभी संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भरे गए। टीम में उपायुक्त खाद्य संरक्षा गढ़वाल मंडल आरएस रावत, देहरादून के अभिहित अधिकारी पीसी जोशी, हरिद्वार के अभिहित अधिकारी एमएस जोशी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन जैन, दिलीप जैन, बलवंत सिंह चौहान, एफडीए विजिलेंस से संजय नेगी एवं योगेंद्र नेगी शामिल रहे। बताया जाता है कि चार धाम यात्रा मार्ग पर प्रशासन की नाक के नीचे (शेष पृष्ठ सात पर)



## गणेश जोशी ने केन्द्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

### टूरिस्ट डेस्टिनेशन का दायरा बढ़ाने का किया अनुरोध

देहरादून/नईदिल्ली(उद संवाददाता)। प्रदेश के कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में सांसद एवं केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हे पुनः केंद्रीय मंत्री का दायित्व मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान पर मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से चार धाम में पर्यटन सुविधाओं के लिए केंद्र सरकार से सहयोग करने तथा उत्तराखण्ड में टूरिस्ट डेस्टिनेशन का दायरा बढ़ाने का अनुरोध किया गया। मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि पर्यटक स्थल मसूरी नैनीताल जैसे पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का अधिक दबाव बढ़ रहा है।उन्होंने पर्यटन स्थलों के आस पास के क्षेत्रों में भी पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया। जिसपर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए राज्य से शीघ्र प्रस्ताव भेजने तथा मामले में जल्द कार्यवाही का भी भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को गंगाजल भी भेंट किया।वहीं मंत्री (शेष पृष्ठ सात पर)



## प्रापर्टी डीलर रवि बडोला के हत्यारों पर लगाई गैंगस्टर

देहरादून(उद संवाददाता)।डोभाल चौक के पास प्रापर्टी डीलर रवि बडोला की गोली मारकर हत्या करने वाले सात बदमाशों पर पुलिस ने गैंगस्टर का मुकदमा भी दर्ज किया है। 16 जून की रात को हुई इस घटना में शामिल सभी सातों आरोपितों को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर राजस्थान, हरिद्वार तथा देहरादून से गिरफ्तार कर लिया था। आरोपितों के विरुद्ध पूर्व में हत्या सहित अन्य संगीन धाराओं के कई मुकदमे दर्ज हैं। सात में से दो बदमाश मुजफ्फरनगर और बलिया के रहने वाले हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि सातों बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर में मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही इनकी अवैध संपत्ति चिह्नित करते हुए जब्त की जाएगी। आरोपितों में रामवीर सिंह निवासी कासमपुर भूम्मा, थाना मीरापुर, जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश), देवेंद्र कुमार शर्मा उर्फ सोनू भारद्वाज निवासी गढवाली कालोनी रायपुर देहरादून, हरीश कुमार शर्मा उर्फ मोनू भारद्वाज निवासी गढवाली कालोनी रायपुर, अंकुश निवासी रामनगर कालोनी लाडपुर रायपुर, सागर यादव उर्फ शंभू यादव निवासी नेहरूग्राम रायपुर, मनीष कुमार निवासी नारायणगढ़ थाना रेवती जनपद बलिया (उत्तर प्रदेश) और योगेश निवासी ग्राम ललसाना थाना गंगानगर (शेष पृष्ठ सात पर)

## ध्वस्तीकरण नोटिस के खिलाफ भड़के लोग

### कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया जोरदार प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा कल्याणी नदी के दोनों ओर बीस बीस मीटर तक बसे लोगों को मकान ध्वस्तीकरण का नोटिस दिये जाने के विरोध में वार्ड 17,18 व 19 के निवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि वह वार्ड नंबर 17, 18 एवं 19 के रहने वाले है। उनकी कालोनी के साथ एक नाला निकलता है। जिसमें सभी घरों का पानी ड्रेनेज होता है। उन्होंने कहा कि जिसमें कालोनी के लोगों को कोई आपत्ति नहीं है। अब यहां नगर निगम की ओर से नोटिस प्राप्त हुए हैं जिसमें नाले के मध्य से दोनों ओर 20-20 मीटर तक के मकानों को ध्वस्त किये जाने को सूचना मिली। उन्होने कहा उनके पास रहने के लिए कहीं अन्य जगह नहीं है। यदि उन्हें यहाँ से उजाड़ा जाता है तो उजाड़ने से पहले उन्हें अन्य किसी स्थान पर बसाया जाये ताकि बरसात के मौसम में लोग अपने अपने परिवार के साथ रह सके और इस नोटिस पर तत्काल रोक लगायी जाये। इस दौरान पुष्पा देवी, इन्दू, आशा, कृतिका, आरती, रेनू शर्मा, चंद्रवती, गीता, मंजू देवी, प्रेमवती, राम प्रकाश, धर्मेंद्र, मनोज, अमन, सरजन, रमेश आदि समेत कईवार्डवासी मौजूद थे।



## केजरीवाल की रिहाई के लिए प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल की रिहाई की मांग को लेकर भगत सिंह चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने जिस तरह से आम आदमी पार्टी संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी के माध्यम से षड्यंत्र के तहत झूठे आरोप लगाकर गिरफ्तार किया है पूरी आम आदमी पार्टी इसका पुरजोर तरीके से विरोध करती है और केजरीवाल के साथ न्याय और उनकी रिहाई की मांग करती है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक श्री केजरीवाल जेल से बाहर नहीं आ जाते हैं। यदि मामला केवल न्याय का होता तो अरविंद केजरीवाल के ऊपर कोई आरोप ही नहीं लगता। चुनावी चंदे के घोटाले के आरोप में भाजपा का पूरा मंत्रिमंडल जेल में होता। यह मामला ना तो न्याय का है और ना ही अदालत का है यह महज एक दिखावा है। इस मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी को कोई भी ठोस सबूत नहीं मिले हैं। श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी (शेष पृष्ठ सात पर)




## राज्य कर कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य कर कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में पद कटौती के विरोध में राज्य कर कर्मचारियों ने आज प्रदेशव्यापी आन्दोलन किया।राज्य कर अधिकारी सवर्ग के पदों की कटौती किए जाने के विरोध में उत्तराखण्ड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन एवं राज्य कर वैयक्तिक सहायक / वैयक्तिक अधिकारी सेवा संघ के सभी कर्मचारियों द्वारा आज प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक राज्य कर भवन के प्रवेश द्वार पर धरना प्रदर्शन करते हुये राज्य कर अधिकारी के पदों की कटौती कर, संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त एवं सहायक आयुक्त के पदों में बढोत्तरी तथा राज्य कर अधिकारी के पदों की कटौती समाप्ति की सम्भावनाओं का पुरजोर विरोध करते हुए घोर निन्दा की। रोषित कार्मिकों ने बताया गया कि राज्य कर अधिकारी के 50 प्रतिशत पद तृतीय श्रेणी के कार्मिकों की पदोन्नति द्वारा भरे जाते रहे है। जिन्हें वर्तमान में कटौती/समाप्ति करने की कोशिश की जा (शेष पृष्ठ सात पर)



# मौसम विभाग की चेतावनी के बाद प्रशासन अलर्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता) भारत मौसम विभाग देहरादून द्वारा जारी जारी गई भारी वर्षा सम्बन्धी चेतावनी एवं जनपद के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में हो रही वर्षा में पानी की सुरक्षित निकासी, जल भराव वाले संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति, भूस्खलन संवेदनशील मार्गो के अवरूद्ध होने पर सुचारू किये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग के खण्डों द्वारा तैनात जेसीबी मशीनों का सत्यापन एवं आपदा सम्बन्धी अन्य तैयारियों को सुनिश्चित किये जाने हेतु समस्त विभागों द्वारा तैयारियो तथा क्षेत्रों की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर सत्यापन किये जाने हेतु नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये। नगर मजिस्टेट एवं समस्त उपजिलाधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा वर्षा के कारण उत्पन्न परिस्थितियों, आपदा का जायजा लेते हुए की गई तैयारियों का सत्यापन भी किया गया। उपजिलाधिकारी नैनीताल एवं तहसीलदार के साथ क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान जलभराव की स्थिति नहीं पाई गई। नौकुचियाताल में हनुमान मन्दिर के पास होने वाले जलभराव की समस्या का निराकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भीमताल काठगोदाम मार्ग में सलड़ी पर तैनात जेसीबी उक्त मार्ग पर चंदा देवी के समीप नाली बनाते हुए तथा घटगढ़ के समीप जेसीबी भी अपनी तैनाती स्थल पर पाई गई है। नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ने हल्द्वानी नगर क्षेत्रान्तर्गत जलभराव की स्थिति के निरीक्षण के दौरान सुशीला तिवारी चिकित्सालय के पृष्ठ भाग में स्थित डहरिया के निरीक्षण में स्थिति सामान्य पाई गई तथा कतिपय खाली प्लाटों पर अल्प मात्रा में जलभराव पाया गया एवं नहर भी सामान्य पाई गई। ट्रांसपोर्ट नगर, मण्डी क्षेत्र, ओपन

नालों व सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



यूनिवर्सिटी के निरीक्षण में भी स्थिति सामान्य पाई गई। तीन पानी गोरापड़ाव क्षेत्र में शनिबाजार नाले के डाउन स्ट्रीम में ओपरफ्लो के कारण सड़क पर कूडे-कचरे का आना पाया गया जिसे हटाए जाने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार मण्डी से शनिबाजार नाला क्षेत्र इन्दिरा नगर के निरीक्षण में नाले की सफाई के उपरान्त रखे गये कूडे के ढेर को हटाए जाने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया गया।उप जिलाधिकारी हल्द्वानी ने हल्द्वानी के आस-पास के लगे शाहरी ग्रामीण क्षेत्रों यथा गौजाजाली, तीनपानी एवं एनएचएआई से लगे क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति कर निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि रकसिया नाला,प्रेमपुर, लोषज्ञानी, तीनपानी, गौजालाली एवं एनएचएआई से लगे क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पाये जाने पर सम्बन्धित विभाग को निर्देर्शित करते हुए पानी की निकासी शुरू कराई गई।जिला कार्यालय नैनीताल में प्रभारी अधिकारी तुषार सैनी द्वारा हल्द्वानी नगर क्षेत्रांतर्गत तीनपानी, प्रेमपुर, लोषज्ञानी एवं सुशीला तिवारी के पीछे स्थित नालों मे जल निकासी का स्थलीय निरीक्षण किया गया।उप जिलाधिकारी रामनगर ने बताया कि रामनगर क्षेत्रान्तर्गत हो रही वर्षा के कारण संवेदनशील नालों रपटों की संवेदनशीलता का स्थलीय निरीक्षण राष्ट्रीय राज मार्ग के अभियन्ताओं एवं पुलिस अधिकारियों के साथ किया गया। रामनगर स्थित पनोद नाला एवं धनगढ़ी नाले मे जल प्राव के दौरान सुरक्षित एवं सुचारू यातायात के दृष्टिगत यातायात नियंत्रित किये जाने हेतु बैरियर स्थापित करते हुए पुलिस कार्मिकों की तैनानी कराई तथा मार्ग पर जेसीबी मशीन की तैनाती भी पाई गई। नालों रपटों में जल प्रवाह न्यून पाया गया तथा यातायात सुचारू है।एसडीएम कोश्याकुटौली द्वारा गरमपानी, खैरना एवं राष्ट्रीय राज मार्ग का निरीक्षण किया गया तथा जलभराव की स्थिति नहीं पाई गई। उन्होंने बताया मार्गो एवं बाजार के नाले नाली साफ पाई गई। उप जिलाधिकारी कालाढूंगी ने बताया कि कालाढूंगी मे जल प्रवाह बाढ़ से संवेदन शील क्षेत्रों विदरामपुर,चकलुआ नाले, करकट नाले,चूनाखान नाले आदि का निरीक्षण किया गया।इन संवेदनशील स्थानों नालों में स्थिति सामान्य पाई गई तथा तेज प्रवाह बाढ़ की स्थिति नहीं पाई गई।

## नशा मुक्ति पर वाद विवाद प्रतियोगिता में दर्शन कुमार प्रथम

अल्मोड़ा( उद संवाददाता) ।जिला समाज कल्याण अधिकारी अराधना त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग अल्मोडा द्वारा श्नशामुक्त भारत अभियान सप्ताहश कार्यकम के अर्न्तगत विभागीय संस्था डॉ भीमराव अम्बेडकर बालक छात्रावास में नशामुक्ति से सम्बन्धित गोष्ठी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया। निर्णायक की भूमिका एम.एल. टम्टा पूर्व वित्त नियंत्रक राजकीय मेडीकल कॉलेज अल्मोडा द्वारा निभायी गयी। गोष्ठी में छात्रावास अधीक्षक, कर्मचारी एवं सभी छात्रों द्वारा भाग लिया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्रावास में अध्ययनरत छात्र कमशः प्रथम स्थान पर दर्शन कुमार बीए तृतीय वर्ष,द्वितीय स्थान पर गौरव कुमार बीएससी तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर मनीष कुमार बीएससी प्रथम वर्ष रहे।

## अवैध खनन पर सख्ती से लगायें अंकुशः डीएम

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिला अधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते हुए अवैध खनन एवं परिवहन पर पूर्ण अंकुश लगाने के निर्देश राजस्व व खनन अधिकारियों को दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि ऐसे वाहन जो अवैध खनन व बिना रॉयल्टी के संचालित किये जा रहे हैं या अस्पष्ट नम्बर प्लेट के चल रहे हैं या जो वाहन रॉयल्टी से अधिक खनिज, उपखनिज एवं मिट्टी के परिवहन में पकड़े जाते हैं उन पर कार्यवाही करते हुए संबंधितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए खनन अधिनियम व अन्य नियमों के तहत चालान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होने उपजिलाधिकारियों, व उपनिदेशक खनन को सरकार द्वारा अधिकृत संस्था कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी द्वारा अवैध खनन परिवहन को



रोकने के लिये जा रहे चौकिंग कार्यवाही में पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये गये कि अवैध खनन परिवहन के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। किसी भी दशा में राजस्व की हानि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने कहा कि संस्था को अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिये जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी उसके लिये जिला प्रशासन द्वारा यथा सम्भव सहयोग किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि हाइवे पर अनाधिकृत रूप से बने कट को बंद किये जाएं तथा खनन वाहन हाइवे पर सर्विस रोड से ही प्रवेश करेंगे। उन्होंने एनएच, एसडीएम, खनन अधिकारी व कंपनी के प्रतिनिधियों की संयुक्त टीम बनाकर खनन मार्ग का निरीक्षण करने साथ ही अनाधिकृत रास्तों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वन क्षेत्र में अवैध खनन से पारिस्थितिकी पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है अतः सभी उपजिलाधिकारी व खनन विभाग,प्रभागीय वनाधिकारियों से समन्वय बनाकर वन क्षेत्र में भी अवैध खनन को रोकनेके लिए अभियान चलायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, ओसी खनन मनीष बिष्ट,उपजिलाधिकारी गौरव पांडे, उपनिदेशक खनन अमित गौरव, कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के प्रतिनिधि सुरेश कुमार मेंडिकोंडा सहित वर्चुअल माध्यम से सभी उपजिलाधिकारी व एनएच के अधिकारी जुड़े थे।

## जमीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून( उद संवाददाता) । जमीन बेचने के नाम पर 59 लाख हड़पने वाले आरोपी को डोईवाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली डोईवाला में गत 15 मई 24 को एसआईटी से जाँच होने बाद वादी मदन सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी लक्ष्मण विहार नकरौन्दा हर्रावाला थाना डोईवाला में लिखित शिकायत दी गई कि उमेश



दरमोडा ने अपने 3 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर षंडयंत्र के तहत मौजा बडोवाला डोईवाला मे ग्राम समाज की 3080 वर्ग मीटर भूमि को अपना बताकर वादी के साथ धोखाघडी कर भूमि बेचने के एवज मे वादी से 58,90,000 रुपये हड़प लिए तथा पैसा वापस माँगने पर वादी को जान से मारने की धमकी दी गयी। जिस पर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया।घटना में लिप्त सभी आरोपियों की गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने सुरागरसी व पतारसी करते हुए स्थानीय मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। पुलिस टीम के किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी उमेश दरमोडा पुत्र दाताराम को नारायण विहार कारगी, पटेलनगर को पटेलनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

## सम्मेलन में दक्षिण एशियाई इंटरैक्ट नेटवर्क का गठन

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।इंटरैक्ट क्लब, डिस्ट्रिक्ट 3110 के डिस्ट्रिक्ट अधिकारियों ने नेपाल और भूटान के रोटरी इंटरैक्ट डिस्ट्रिक्ट 3292 द्वारा पोखरा, नेपाल में आयोजित 11वें जिला इंटरैक्ट सम्मेलन में प्रतिभाग किया। तीन दिवसीय सम्मेलन में इंटरैक्टर्स को नए अनुभवों और ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिला। सम्मेलन के दौरान, इंटरैक्ट डिस्ट्रिक्ट 3110 और इंटरैक्ट डिस्ट्रिक्ट 3292 के अधिकारियों के बीच संधि पर हस्ताक्षर कर दक्षिण एशियाई इंटरैक्ट नेटवर्क का गठन किया गया। सम्मेलन में भाग लेने वाले सदस्यों में इंटरैक्टर मौलिक कक्कर इंटरैक्टर स्वर्णिम पाठक , इंटरैक्टर रिज्जुल मदान , इंटरैक्टर संपदा तेवारी और इंटरैक्टर



आरव सिंघल शामिल थे, साथ ही रूद्रपुर के रोटेरियन अशोक अग्रवाल और श्रीमती रंजीता अग्रवाल ने भी इस सम्मेलन में प्रतिभाग किया। सम्मेलन में नेपाल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में जानने के लिए माउंटेन म्यूजियम और अन्य हिस्सों का दौरा भी किया गया। भरपूर मनोरंजन और सम्मान के साथ, इंटरैक्टर्स ने अपनी यात्रा को पूरा किया। सम्मेलन ने दोनों देशों के युवा अधिकारियों के बीच अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व और समझ को बढ़ावा दिया।



# जनता दरबार में आयुक्त ने चार मामले सुलझाए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें आए कई फरयादियों की समस्यायों का उन्होंने त्वरित रूप से मौके पर ही समाधान किया। इस मौके पर तलाक, जमीन, सैलरी, बेईमानी, धोखाधड़ी से संबंधित मामले आए। रितिका जोशी पुत्री चंद्र दत्त जोशी निवासी दो नहरिया हल्द्वानी ने बताया कि जून से नवंबर, 2023 तक ठंडी सड़क पर स्थित बॉडी पावर जिम में 10 हजार रूपए प्रति माह के वेतन पर रिसेप्शनिस्ट के पद पर कार्य करती थी। रितिका ने शिकायत की कि जिम मालिक कबीर लाल ने अक्टूबर व नवंबर 2023 माह का वेतन नहीं दिया है। जिसके क्रम में दीपक रावत ने कबीर लाल को शाम तक वेतन देने के लिए निर्देशित किया। लोहाघाट निवासी स्मृति जोशी ने शिकायत की कि पड़ोसी रमेश मेहता द्वारा उनकी भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है और हमारे पत्थर से बाउंड्री से ही उक्त भूमि में बाउंड्री बनाई है, जिसको हटाने और पत्थर वापस करने के लिए कहने पर मेहता द्वारा उन्हें धमकाया जाता है। जिस पर कुमाऊं आयुक्त ने संबंधित उप जिलाधिकारी के माध्यम से अतिशीघ्र भूमि खाली कराने और पत्थर वापस दिलाने का आश्वासन दिया। शिकायत कर्ता अब्दुल मुस्तफा पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी खताड़ी रामनगर ने बताया कि उनके पड़ोसी वसीम पुत्र अतिकुर रहमान निवासी खताड़ी द्वारा ग्राम उदयपुर चोपड़ा तहसील रामनगर निवासी अरुण कुमार मासीवाला, नरेंद्र मासीवाला, जगदीश मासीवाला व योगेश मासीवाला से मिलवाया गया। जिनके द्वारा 6 बीघा जमीन विक्रय की जानी थी। जिसकी कीमत 64 लाख रुपए थी। यह धनराशि चारों भाइयों में 16-16 लाख रुपए दी जानी थी। अब्दुल मुस्तफा ने संबंधितों के खाते में दिनांक 14 दिसंबर 2023 को 32 लाख रुपए, दिनांक 18 दिसंबर 2023 को 24 लाख और 27 दिसंबर 2023 को 8 लाख रुपए आरटीजीएस द्वारा दिए गए। अब्दुल द्वारा बताया गया कि जब उक्त भूमि पर कब्जा लेने गया तो पता चला की भूमि विवादित है। इसके संबंध में अब्दुल मुस्तफा ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से अपना पैसा या जमीन वापस करने की गुहार लगाई। जिस पर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत 10 दिन के भीतर अब्दुल मुस्तफा का पैसा लौट के निर्देश दिए। अन्यथा की स्थिति में संबंधित मासीवाला भाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस संबंध में दीपक रावत ने कहा कि यह लैंड फ्रोडिंग का मामला है और इस प्रकार लैंड फ्रॉडिंग करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।



# बिजली चोरी में दो पर केस

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर में बिजली चोर की घटनाएं कम नहीं हो रही है। बिजल विभाग की टीम ने काठगोदाम क्षेत्र में बिजली चोरी के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। टीम ने मौके से बिजली के तार भी बरामद कर उसे जब्त किया है। नीरज चन्द्र पाण्डे उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम हल्द्वानी के नेतृत्व में लाइन मैन करनपाल, विजिलेंस के सहायक अभियंता अमित चन्द्र आर्या ने काठगोदाम क्षेत्र में बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चौकिंग अभियान चलाया जिस पर टीम ने हरक सिंह भण्डारी पुत्र जीत सिंह भण्डारी के मकान में बिजली चोरी पकड़ी। टीम ने मौके से 20 मीटर बिजली की वायर भी बरामद की है। वहीं टीम ने भोपाल सिंह भण्डारी पुत्र जीत सिंह भण्डारी के मकान में भी बिजली की चोरी पकड़ी। टीम ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम हल्द्वानी नीरज चन्द्र पाण्डे ने कहा कि बिजली चोरी करने वालो को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ट्रेन में यात्री का मोबाइल चुराया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पैसेंजर ट्रेन में मुरादाबाद से रामनगर जा रहे एक व्यक्ति का फोन अज्ञात चोर ने चुरा लिया। पीडित्रत ने जीआरपी थाना काठगोदाम में शिकायत दर्ज कराई है। गलशहीद मुरादाबाद निवासी आकाश गुप्ता पुत्र कुलदीप कुमार ने दी गई शिकायत में कहा कि वह ट्रेन से मुरादाबाद से रामनगर जा रहा था। काशीपुर रेलवे स्टेशन पर वह ानी कीपानी की बोतल लेने के लिए उतरा। जब वह वापस आय तो उसका मोबाइल गायब था। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।




# दबंगों ने सैकड़ों पेड़ काट भूमि पर कर लिया कब्जा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम बानूगी, खटीमा में कुछ लोगों द्वारा खेत में लगे सैकड़ों पेड़ काटकर भूमि पर कब्जा कर लेने का मामला सामने आया है। भू स्वामी ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम बानूगी खटीमा निवासी कन्हैया लाल पुत्र स्व. नत्थू लाल ने बताया कि वहीं विगत वर्ष 2005 से भूमि पर काबिज चला आ रहा है। जिसमें उसने सागौन व लिप्टित के पेड़ लगाये गये हैं। जिसमें जनवरी 2003 में उसकी एक बीघा भूमि पर जबरदस्ती कुछ लोगों द्वारा 40 सागौन व लिप्टिस के 350 पेड़ों को अवैध रूप से काट कर उसकी भूमि पर कब्जा कर लिया। जिससे कि उसे करीब 8-10 लाख रूपये का नुकसान हुआ। इसकी शिकायत करने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। कन्हैया लाल ने उक्त लोगों के विरुद्ध शीघ्र कठोर कार्यवाही करते हुए उसकी हुई क्षति की भरपाई करने एवं भूमि का कब्जा उक्त लोगों से दिलाये जाने की मांग की है।




# अगवा नाबालिग सोनीपत से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पुलिस ने करीब 12 दिन पूर्व नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म के आरोपी को सोनीपत हरियाणा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग को छुड़ा लिया है। बता दें अल्मोड़ा निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के 18 जून को घर से बिना बताये कहीं चले जाने व घर वापस नहीं आने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर कोतवाली अल्मोड़ा में धारा 365 भादवि के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गयी। एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लेकर विमल प्रसाद सीओ अल्मोड़ा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जगदीश चन्द्र देउपा द्वारा पुलिस टीम का गठन कर तत्काल नाबालिग बालिका की खोजबीन शुरु की गई। गठित टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी व सर्विलांस की सहायता से जानकारी जुटाकर अथक प्रयास करते हुए सोनीपत (हरियाणा) से नाबालिग बालिका को आरोपी हिमांशु आर्या के कब्जे से छुड़ाकर आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।



# श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की झांकी ने मोहा मन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अनंत प्रेम आश्रम में पिछले 6 दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन गत दिवस श्रीकृष्ण रुक्मिणी का विवाह हुआ। भागवत कथा के व्यास पीठ पर कथावाचक नीरजा शरणार्थी ने पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव से पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। महाराज ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव- गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी आदर्श कॉलोनी से बालाजी द्वारा होते हुए श्री अनंत प्रेम आश्रम में बारातियो के साथ आई। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कथा वाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण- रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं। उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। कथा वाचक नीरजा शरणार्थी ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश हैं। इस दौरान कथा मंडप में संत प्रेम निष्ठानंद बाई जी, पंडित लव कुश शास्त्री श्री धाम वृंदावन, जैन प्रॉपर्टीज,कमल जैन,कमल बंसल, श्रीमति अंजू बंसल,अरिहंत बंसल, चारुल बंसल, अंशिका, उजाला, आदीश, महक, सालिकराम बंसल, राध ेश्याम बंसल, मधु बंसल, दिनेश गोयल, श्रीमती मधु बंसल, सुमन बंसल, किरण बंसल, आरती, मान्या, डॉक्टर संजोली बंसल, सुषमा अग्रवाल, दीप्ति, प्रियंका, रेखा, अरुणा, प्रियंका, राधा, नवल, अनुज, सतीश, राजेश जैन, रेनू भारद्वाज, विष्णु बंसल, महेश बंसल, गोपेश बंसल, जसपाल अरोरा, खैराती लाल गगनेजा, सुभाष गगनेजा, चेतन, राजू हुडिया, शिवम, राजपाल, पुष्पा रानी, कीर्ति, प्रिया, मानसी, कुंदन लाल अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, मनोज गोस्वामी, राधा अग्रवाल, आदि भक्त उपस्थित थे।





# कल्याणी के किनारे बसे परिवारों ने बेहड़ से लगाई गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रशासन द्वारा कल्याणी नदी के किनारे किये जा रहे सीमांकन के दौरान निवास कर रहे लोगों को भवन खाली करने का नोटिस देने से रोषित खेड़ा मौहल्ले के सैकड़ों लोग किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास पहुंचे और उनसे प्रशासन द्वारा उजाड़े जाने से बचाने की गुहार लगाई। लोगों ने बताया कि यहां हजारों परिवार पिछले कई दशकों से निवास कर रहे हैं। सभी को पूर्व कांग्रेस सरकार के दौरान बसाया गया था। यहां पेयजल, विद्युत, सड़क, स्कूल आदि मूलभूत सुविधायें भी उपलब्ध कराई गई। लेकिन आज प्रशासन द्वारा कल्याणी नदी के सीमांकन के नाम पर उन्हें उजाड़ा जा रहा है। जिससे उनके समक्ष आवास व रोजी रोटी सहित कई समस्यायें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि कल्याणी नदी छोटे जेपीएस स्कूल तक ही है। उसके बाद नाला शुरू हो जाता है। नदी में निशान लगाने में भी भारी अनियमिततायें बरती जा रही हैं। समान रूप से निशान नहीं लगाये जा रह हैं। बेहड़ ने कहा कि कांग्रेस हमेशा लोगों को बसाने का काम करती है जबकि भाजपा ने बसे लोगों को सिर्फ उजाड़ने का काम ही किया है। उन्होंने कहा कि वह अपनी ओर से पूरा प्रयास करेंगे कि सभी के आशियाने सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि जो भाजपा नेता लोगों के घरों को बचाने का आश्वासन दे रहे हैं उनकी वास्तविकता तब सामने आयेगी जब प्रशासन लोगों को उजाड़ने मौके पर आ जायेगा। उस समय सिर्फ कांग्रेस नेता ही इसका विरोध करते दिखाई देंगे। श्री बेहड़ ने कहा कि वर्षा काल में प्रशासन की यह कार्रवाई पूरी तरह से जनहित के खिलाफ है। जिसे तत्काल रोकना चाहिए। इस दौरान रोषित लोगों ने प्रशासन के विरूद्ध जोरदार नारेबाजी भी की। मिलने वालों में उमर अली, नूर अहमद, नईम, आजम मियां, रफीक अहमद, असलम, इस्लाम, सपना विश्वास, सगीर अहमद, अकील, रूबी, राजपाल, महबूब, शाहिद अली, हुकुम सिंह, विरासत, बॉबी, उमेश, शाहजहां, सुशील कुमार, ऊषा, जगदीश, लक्ष्मी, नन्ही देवी, विनोद, मनोज, बबिता, सिराज अहमद, प्रहलाद, तुषार कुमार, रामबहादुर, केवल राम, भूरा सैफी, ताहिर हुसैन, नरेश, सुनीता, पूनम, कलावती, विजय पाल, केसर जहां, महमूद, नईम, बिलकिश बेगम, रेनू देवी, आरती देवी, रमाकांत, अमीर अहमद, सलीम, कदीर अहमद,अयूब, हबीब अली, ब्रजलाल, इकरार, अंकित, फिरासत, सोनिया, अहसान, फरजाना, सुबराती, फातिमा, सलमा, नूरजहां, यासीन आदि मौजूद थे।



## आवश्यकता है

| | |
|---|---|
| अकाउंटेंट टेली- | 3 वर्ष का अनुभव |
| फील्ड ऑफिसर- | 3 वर्ष का अनुभव |
| रिसेप्शनिस्ट- | 2 वर्ष का अनुभव |
| सुपरवाइजर- | 3 वर्ष का अनुभव |
| माली- | 3 वर्ष का अनुभव |
| चपरासी | |

Mail yr bio data on
Aalishan.uk@gmail.com

-संपर्क करें-
मो.9568300015,17

# पुलिस खेलों में 31वीं वाहिनी बनी ओवर आल चैम्पियन

## पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिताएं सम्पन्न

रुद्रपुर। पुलिस लाईन में आयोजित 23वीं अंतरजनपदीय पुलिस वाहिनी कुश्ती, बाक्सिंग बाडी बिल्डिंग, आर्म रेस्लिंग प्रतियोगिता का गत दिवस समापंन हुआ। प्रतियोगिता में आयोजित सभी खेलों में 31वीं वाहिनी पीएसी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। 31वीं वाहिनी पीएसी की टीम ओवर ऑल चौंपियन बनी। टीम के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि डीआइजी डा. योगेंद्र सिंह रावत ने ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। जिसके बाद 31वीं वाहिनी परिसर में खुशी का माहौल बन गया।इससे पूर्व तीन दिवसीय 23वीं अंतरजनपदीय पुलिस वाहिनी कुश्ती, बाक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, आर्म रेस्लिंग प्रतियोगिता का समापन प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर किया। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में कुश्ती में 31वीं वाहिनी पीएसी टीम चौंपियन रही। जबकि आइआरबी प्रथम और 40वीं वाहिनी पीएसी ने दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा बाक्सिंग में टीम चौंपियन 31वीं वाहिनी पीएसी की टीम रही।नऊधम सिंह नगरं पुलिस दूसरे और 40वीं वाहिनी पीएसी तीसरे स्थान पर रही। आर्म रेसलिंग में भी 31 वींवाहिनी पीएसी की टीम चौंपियन रही। आइआरबी द्वितीय और ऊधम सिंह नगर पुलिस दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। बाडी बिल्डिंग में 31वीं वाहिनी पीएसी चौंपियन रही और पिथौरागढ़ पुलिस तथा हरिद्वार पुलिस ने दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। बाद में डीआइजी डा. योगेंद्र सिंह रावत और एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी काशीपुर अभय सिंह, सीओ सिटी निहारिका तोमर, सीओ पंतनगर ओम प्रकाश,सीओ काशीपुर अनुष्का बडोला,आरआई मनीष शर्मा समेत तमाम पुलिस अधिकारी और कर्मचारी रहे।







# महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ फूंका सरकार का पुतला



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड मे महिलाओं बेटियों के साथ बलात्कार और हत्याकांड की दिन प्रतिदिन बढ़ती घटनाओं के विरोध मे महानगर कांग्रेस ने विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विधायक सुमित ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में हत्या, चोरी, डकैती, मासूमों से बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड, हेमा नेगी हत्याकाण्ड, पिंकी हत्याकाण्ड, मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में नाबालिग से बलात्कार के बाद अब हरिद्वार जनपद के बहादराबाद में 13 साल की मासूम के साथ सामूहिक बलात्कार के उपरान्त जघन्य हत्या की घटना ने मानवता को लगातार शर्मशार करने का काम किया है। सुमित ने कहा कि महिला अपराध की अधिकतर घटनाओं में भाजपा से जुड़े लोगों का नाम सामने आने के कारण पुलिस पर इन घटनाओं में लीपापोती का दबाव बनाया जा रहा है। जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जायेगा। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा महिला अत्याचार की इन घटनाओं से प्रदेश की गिरती कानून व्यवस्था उजागर होने के साथ साथ देवभूमि की अस्मिता पर भी भारी चोट पहुँची है और कांग्रेस देवभूमि की अस्मिता के साथ खिलवाड़ बिल्कुल बर्दास्त नही करेगी। पुतला दहन करने वालों में पूर्व राज्यमंत्री सुहैल सिद्दीकी, प्रदेश सचिव डॉ. मयंक भट्ट, योगेश जोशी, गुरप्रीत प्रिंस, ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर हुसैन, जिला उपाध्यक्ष दीप पाठक, गोविंद सिंह बिष्ट, विनोद कुमार पिन्नू, अनिल कनौजिया, प्रदीप नेगी, तस्कीन अहमद, हाजी मोहम्मद नबी, प्रदीप बिष्ट, आशीष कुढाई, हाजी साद अली, धर्मवीर, हरीश पलड़िया, नफीस अहमद आदि लोग शामिल थे ।

# बस टर्मिनकल के निर्माण में बाधक बन रहा अतिक्रमण हटाने के निर्देश



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मंडलायुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में बैठक लेते हुए रूद्रपुर शहर में आधुनिक बस स्टेशन टर्मिनल एवं वर्कशाप भवन के निर्माण कार्यो की समीक्षा कर अधिकारियों को शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान आयुक्त के संज्ञान मे आया कि रूद्रपुर रोडवेज स्टेशन की भूमि पर रोडवेज के कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण कर भवन का निर्माण कर लिया है। जिससे रोडवेज टर्मिनल के कार्य मे व्यवधान उत्पन्न होने के कारण कार्यपूर्ण समयावधि में नही हो पा रहा है। जिस पर आयुक्त ने दूरभाष पर जिलाधिकारी उधमसिंह नगर उदय राज सिंह से वार्ता कर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। रूद्रपुर शहर में 80 करोड की लागत से 3.8 एकड में बनने वाले हाईटेक, आधुनिक बस टर्मिनल अन्तर्राष्टीय सुविधाओं से सुसज्जित हेगा जिसमें वर्कशाप भवन में बेसमेंट पार्किग, शापिंग काम्पलैक्स,रैस्टोरेंट,डोर मैट्री,मूवी थियेटर,क्लाक रूम, शौचालय आदि सुविधायें उपलब्ध होंगी। बेसमेंट में 250 निजी वाहनों हेतु पार्किंग उपलब्ध रहेगी तथा वर्कशाप में 50 रोडवेज के वाहनों हेतु पार्किंग होगी। वर्तमान में बस टर्मिनल का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा वर्कशाप के भवन का निर्माण कार्य भी शतप्रतिशतपूर्ण होने जा रहा है। आयुक्त ने समीक्षा के दौरान कहा कि रोडवेज स्टेशन केनाले पर जिन लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है उन पर कार्य वाही कर अतिक्रमणमुक्त किया जाए।

# भारी बारिश के बाद फाटो पर्यटन जोन पर्यटकों के लिए किया बंद

रामनगर (उद संवाददाता)। भारी बारिश के बाद रामनगर तराई पश्चिम वन प्रभाग के फाटो पर्यटन जोन में पानी भर जाने से इस जोन को 30 सितम्बर तक के लिए जंगल सफारी के लिए बंद कर दिया गया। रामनगर वन प्रभाग तराई पश्चिमी के फाटो रेंज में शुक्रवार सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते पर्यटन जोन में जाने वाले रास्ते में जल भराव होने के चलते जंगल सफारी पर जाते हुए पर्यटकों द्वारा जल भराव का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालते हुए बताया गया कि फाटों पर्यटन जोन में जल भराव होने से जंगल सफारी पर गए पर्यटक जंगल के अंदर फंसे, जिसको तराई पश्चिमी के डीएफओ प्रकाश आर्या ने पूर्णतया भ्रामक बताया। उन्होंने कहाँ कि कोई भी सैलानी जोन में नही फसा था,वहीं डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा फाटो जोन में सैलानियों के फंसे होने का भ्रामक वीडियो सोशल मीडिया में डाला जा रहा है, उन लोगों को चिन्हित करके विभाग द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जोन के अंदर कोई भी सैलानी नहीं फंसा था सभी सैलानी सुरक्षित है, वहीं उन्होंने बताया कि इस हफ्ते बरसात अत्यधिक बताई गई हैजिसको देखते हुए उन्होंने कहा कि फाटो पर्यटन जोन में रास्ते को दुरुस्त करने का कार्य भी किया जाएगा, उन्होंने कहा जिसके चलते पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर इस जोन को 30 सितंबर तक के लिए बंद किया जा रहा है,अब एक अक्टूबर से इस जोन में पुनः पर्यटक जंगल सफारी का लुफ्त पर्यटक उठा पाएंगे।

# अज्ञात चोरों ने गुरूद्वारे के गेट पर लगाई आग

## विरोध में सिख समुदाय के लोगों ने कोतवाली का किया घेराव



रामनगर (उद संवाददाता)। ग्राम पीरुमदारा इलाके में स्थित थारी गुरुद्वारे में अज्ञात चोरों ने गुरुद्वारा के मुख्य गेट में आग लगाकर चोरी करने का प्रयास किया ।चोरों की हरकतें की जानकारी मिलने के बाद कुछ लोग जाग गए और उन्होंने जब शोर मचाया तो चोर मौके से फरार गए। ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के विरोध में शुक्रवार को सिख समुदाय के लोग कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल का घेराव करते हुए चौकी पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े करते हुए नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना था कि इस गुरुद्वारे में पहले भी दो बार चोरी हो चुकी है । घटना ने जहां एक ओर पुलिस के सुरक्षा दावों की पोल खोली है तो वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीणों का कहना था कि चोरों ने पहले गुरुद्वारे में लगे सीसीटीवी कैमरे के तार काट डालें उसके बाद गुरुद्वारे के मुख्य गेट में आग लगा दी। उन्होंने कहा कि यदि आसपास के लोग नहीं जागते तो बड़ा हादसा हो सकता था । ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मौके पर एक चोर को पड़कर ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले भी कर दिया था लेकिन पुलिस ने उसे छोड़ दिया इसके बाद उनका आक्रोश और बढ़ गया। उन्होंने कहा कि गांव में खुलेआम स्मैक बेची जा रही है लेकिन पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई नहीं कर रही है जिस कारण गांव में नशेडियों का आतंक भी बढ़ रहा है ग्रामीणों ने पुलिस को गांव में अवैध रूप से नशा बेचने वालों की एक सूची सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि इस घटना का शीघ्र खुलासा नहीं हुआ तो सिख समुदाय के लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे । मामले में कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई की जा रही है तथा शीघ्र ही इसका खुलासा किया जाएगा।

# आरएएन में आर्ट इंटीग्रेशन कार्यशाला आयोजित





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए. एन.पब्लिक स्कूल में कला एकीकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यशाला का संचालन गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल मुरादाबाद की अंग्रेजी शिक्षिका श्रीमती रिचा बंसल तथा प्रध ानाचार्या श्रीमती भावना भनोट द्वारा किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के अनेक शिक्षकों ने भाग लियाद्य कार्यशाला सुबह 9:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक चली। कार्यशाला में शिक्षकों को कल के माध्यम से शिक्षा को और अधिक सृजनात्मक और प्रभावी बनाने के उपायों के बारे में सिखाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को विभिन्न कला रूपों जैसे चित्रकला, संगीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से विषय वस्तु को प्रस्तुत करने के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गयाद्य शिक्षकों ने इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती रिचा बंसल तथा श्रीमती भावना भनोट ने सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया और यह आशा व्यक्त की की इस प्रशिक्षण से शिक्षक अपनी कक्षाओं में नवाचार ला सकेंगे और छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को और भी आनंददायक बना सकेंगे। सीबीएसई और आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल दोनों ही इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक उन्नत और प्रभावी बनाया जा सके।

# सांसद भट्ट ने उठाई काठगोदाम से टनकपुर मेट्रो चलाने की मांग



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर काठगोदाम हल्द्वानी से वाया रामनगर, काशीपुर, जसपुर, बाजपुर, गदरपुर, रूद्रपुर, लालकुंआ, किच्छा, नानकमत्ता, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर तक मैट्रो ट्रेन को संचालित किये जाने को लेकर मुलाकात करते हुए मांग पत्र दिया। श्री भट्ट ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर को अवगत कराया कि उत्तराखण्ड राज्य धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण राज्य हैं। भ्रमण के दौरान स्थानीय जनता द्वारा काफी लम्बे समय से काठगोदाम हल्द्वानी से उपरोक्त स्थानों तक मैट्रो ट्रेन चलाने की मांग की जा रही है जो अति आवश्यक भी है। यदि काठगोदाम हल्द्वानी से उक्त स्थानों तक मैट्रो ट्रेन का संचालन होता है तो तराई क्षेत्र की आबादी इससे लाभान्वित होगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत रूद्रपुर शहर एवं सितारगंज में सिडकुल स्थित होने से पर्वतीय, तराई देश के अन्य क्षेत्रों के लोग वहां पर कार्य करते है। परन्तु वर्तमान समय में वहां पर कार्यरत् श्रमिको, कर्मचारियों, अधिकारियों को बस या अन्य माध्यमों से जाना पड़ता है। जिससे समय भी अधिक लगता है और खर्चा भी अधिक होता है। यदि उक्त स्थानों पर मैट्रो ट्रेन का संचालन होता है तो सिडकुल में कार्यरत् श्रमिकों, कर्मचारियों, अधिकारियों को अपने कार्यस्थल में जाने में काफी सुविधा हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद ऊधमसिंहनगर के सितारगंज में विश्व विख्यात नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब स्थित है तथा वहां पर पूरे वर्ष भर देश विदेश के सैलानियों का लगातार आना जाना लगा रहता है। वर्तमान में जनपद नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर के आस पास अधिक संख्या में सिक्ख समुदाय के लोग निवास करते है तथा प्रदेश के पूरे तराई क्षेत्र के लोग उक्त स्थानों में रोजगार भी करते है। जिससे जनपद नैनीताल, ऊधमसिंहनगर एवं प्रदेश के पूरे तराई क्षेत्र के लोगों का निरन्तर आना जाना लगा रहता है। उत्तराखण्ड राज्य के जनपद नैनीताल के अन्तर्गत रामनगर में विश्व विख्यात कॉर्बेट पॉर्क एवं गर्जिया मंदिर स्थित है तथा वहां पर पूरे वर्षभर देश विदेश के सैलानियों का लगातार आना-जाना लगा रहता है।श्री भट्ट ने बताया कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत टनकपुर में विश्व विख्यात अत्यन्त प्राचीन धार्मिक स्थल मों पूर्णागिरी धाम स्थित है। जहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक दर्शन एवं पूजा अर्चना हेतु आते-जाते रहते है। यदि काठगोदाम से उपरोक्त शहरों को जोड़ते हुए टनकपुर तक ट्रेन का संचालन हो जाए तो लोगो को काफी सुविधा मिलने के साथ साथ अन्य क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक भी माँ पूर्णागिरी धाम का आसानी से स्थलीय भ्रमण कर सकते है।श्री भट्ट ने जनहित में अनुरोध करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के जनपद नैनीताल के अन्तर्गत काठगोदाम हल्द्वानी से वाया रामनगर, काशीपुर,जसपुर, बाजपुर, गदरपुर, रूद्रपुर , लालकुंआ ,किच्छा ,नानकमत्ता सितारगंज , खटीमा, टनकपुर तक मैट्रो ट्रेन को संचालित करनेहेतु प्राथमिकता से स्वीकृति प्रदान किया जाना आवश्यक है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया नवीन अनाज मंडी का निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। नवीन अनाज मंडी गदरपुर में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने मंडी व्यापारियों के साथ बैठक कर मंडी में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया उन्होंने निर्माण अधूरा पाये जाने पर मंडी के अधिकारियों को निर्माण कार्य जैसे टिन शेड,शौचालय एवम दुकानों का आवंटन नालियों का निर्माण को शीघ्र अति शीघ्र करवाने को कहा। सुखीजा ने कहा कि



मंडी व्यापरियों की परेशानियों एवं आगामी मौसम को देखते हुए यह निर्माण कार्य शीघ्र अति शीघ्र करवाना अतिआवश्यक है। धामी सरकार प्रदेश के किसी भी व्यापारी की कठिनाईयों को सामना नहीं करने देगी तथा निरन्तर व्यापारियों के हित में कार्य करती आई है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, अनिल गगनेजा, महामंत्री आलोक सरना, कोषाध्यक्ष मुकेश भुसरी,उपाध्यक्ष सतीश छावडा,राजेश अग्रवाल,लेखराज कम्बोज,सुभाष खुराना, धीरज पोपली,सतीश खुग्गर, केवल फुटेला,अनमोल बजाज,ए.ई. विनोद कुमार,मंडी सचिव योगेश तिवारी,रजत गाबा,टीकम खेड़ा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# अश्लील ऑडियो के मामले में पंतनगर थानाध्यक्ष निलंबित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। युवती से अश्लील बातचीत के मामले में पंतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी को आखिरकार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी ने निलंबित कर दिया है। साथ ही उन्होंने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। बता दें कि बीते दिनों किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने पंतनगर एसएचओ पर युवती से अश्लील बातें कर दबाव में लेने का आरोप लगाते हुए डीजीपी से शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि दो पक्षों में हुए विवाद के मामले में पुलिस ने एक पक्ष पर कार्रवाई की थी। जिस पक्ष पर कार्रवाई हुई थी, युवती उसी पक्ष की थी। वे दूसरे पक्ष पर केस दर्ज कराने की मांग उठा रही थी और इसको लेकर ही वह एसएचओ के संपर्क में आई थी। एसएचओ ने इसका गलत फायदा उठाकर युवती से अश्लील बातें की थीं और युवती से अनैतिक डिमांड की थी। इसका ऑडियो वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में आ गया। डीजीपी के आदेश पर एसएसपी ने एएसपी निहारिका तोमर को जांच सौंपी थी। मामले की जांच कर रहीं एएसपी निहारिका तोमर ने पीड़िता के बयान दर्ज किए थे। पीड़िता ने माना था कि यह एक साल पुराना ऑडियो है। एसएसपी ने कहा कि जिम्मेदार पद पर रहकर इस प्रकार की हरकत घोर अनुशासनहीनता, लापरवाही और ताकत के दुरुपयोग की श्रेणी में आती है। इसी के चलते थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह डांगी को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विस्तृत जांच के आदेश भी दिये गये हैं।

# नदी किनारे रह रहे लोगों के लिए पुनर्वास के होंगे प्रयास: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बेगुल नदी और कल्याणी नदी के किनारे बसे लोगो ने विधायक शिव अरोरा से मुलाकात कर उजाड़े जाने से बचाने की गुहार लगायी। विधायक शिव अरोरा ने उनकी समस्या को सुना । विधायक को पीड़ितों ने बताया कि 30 से 40 वर्षो से नदी किनारे लगे क्षेत्रों मे रह रहे है उनके मकान का बिजली कनेक्शन से लेकर नगर पालिका की रसीद है। अब उनके आशियानों पर संकट मंडरा रहा है। विधायक ने सभी की बात सुनने के बाद कहा हमको यह नहीं भूलना चाहिए रुद्रपुर शहर जो हर वर्ष बरसात के समय जलभराव की समस्या झेलता है जिसमे शहरी क्षेत्र ओर बस्तीयो को जूझना पड़ता है । 2021 मे आई भीषण बाढ़ जिसके चलते पुरा रुद्रपुर जलमग्न हो गया था और कई बस्तियों मे घर पानी मे डूब गये थे काफी नुकसान हुआ था। हमको



जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान भी निकलना है ऐसे मे कल्याणी नदी का स्वरूप इस अनुसार हो कि जब बरसात का सीजन हो तो पानी निकासी ठीक प्रकार से हो सके। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि उन्हे जानकारी मिली है कि बेगुल नदी कल्याणी के पास बसे लोगों को प्रशासन द्वारा हटाया जा रहा है। विधायक ने पीड़ित लोगो को अश्वस्त किया कि उनकी समस्या को लेकर वह स्वयं प्रशासन से वार्ता करेंगे और समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। जिन घरों को हटाना आवश्यक होगा तो उनके पुनर्वास की व्यवस्था कराने का प्रयास किया जायेगा। विधायक कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र बहुत लम्बे समय से जल भराव की समस्या से जूझता आ रहा है। इसके स्थायी हल निकालने के लिये हमने पानी निकासी हेतु सर्वे भी आरम्भ करवाया है । सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर रुद्रपुर का ड्रेनेज प्लान तैयार किया जायेगा, साथ हीं बेगुल नदी व कल्याणी नदी का वास्तविक स्वरूप वापस लौटे इसके लिए भी हमको मिलकर प्रयास करने हैं । विधायक शिव अरोरा ने उनके कार्यालय पर आये लोगो को अश्वस्त किया कि वह जनहित का दृष्टिकोण अपनाते हुए इस समस्या का समाधान निकालने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान भाजपा नेता के के दास, सुरेश कोली, निवर्तमान पार्षद सुनील बाल्मीकि, राधेश शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

# विधायक पाण्डे ने दिये लंबित सड़कों को शीघ्र बनाने के निर्देश



गदरपुर(उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने गदरपुर क्षेत्र की लंबित पड़ी सड़कों के निर्माण, गूलरभोज पर्यटक स्थल को विकसित करने को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक अपने कार्यालय पर की । जिसमें विधायक अरविंद पांडे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित पड़ी सभी सड़कों के निर्माण योजनाओं के निर्माण में गति दें । उन्होंने बताया कि केंद्र की योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा घोषित पर्यटक स्थल के आस-पास स्थित रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट को सड़क मार्ग से सीधा जोड़ने की योजना है इसी के अंतर्गत गूलरभोज जलाशय को केंद्रीय फंड से सड़क निर्माण के प्रस्ताव जो कि पूर्व में गए थे उन पर भी समीक्षा की गई। श्री पांडे ने बताया कि गदरपुर विधानसभा क्षेत्र एवं गूलरभोज पर्यटक स्थल के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी गूलरभोज जलाशय के सीधे सड़क मार्ग से जुड़ने से गदरपुर विधानसभा को एवं गूलरभोज क्षेत्र को बहुत लाभ मिलेगा और पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी जिससे स्थानीय लोगों के रोजगार के भी साधन उपलब्ध होंगे।इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ओपी सिंह, सहायक अभियंता विनोद कुमार ,अपर सहायक अभियंता संतोष कुमार एवं पीसी बहुगुणा आदिथे।

# ट्रेन की चपेट में आने से डंपर चालक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जवाहर नगर नगला निवासी युवक की शांतिपुरी के पास ट्रेन की अपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टर्मार्टम के लिए रुद्रपुर भेज दिया। जानकारी के मुताबिक विगत रात्रि करीब 8:10 बजे लालकुआं बरेली डाउन एक्सप्रेस लालकुआं से बरेली को जा रही थी। तभी शांतिपुरी के पास रेलवे लाइन पार कर रहे जवाहरनगर नगला निवासी 33 वर्षीय उमाकांत पुत्र पुट्टू सिंह मूल निवासी उत्तर प्रदेश पीलीभीत की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक का क्षत विक्षत शव दूर झाड़ियों में गिरने के कारण रेलवे कर्मियों को नहीं दिखा और ट्रेन कुछ समय रूकने के बाद पुन: गंतव्य को चली गई। शुक्रवार प्रात: स्थानीय पुलिस ने रेलवे पटरी के पास झाड़ियों से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक विवाहित था और यहां स्थायी रूप से रहकर रेते का डंपर चलाया करता था।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# राष्ट्रपति का अभिभाषण

राष्ट्रपति का अभिभाषण भारत सरकार का ही दस्तावेजी वक्तव्य होता है। उसे सरकार लिखती है और राष्ट्रपति उसे पढ़ते हैं, क्योंकि सरकार राष्ट्रपति के नाम से ही संचालित की जाती है। यह गणतंत्र की एक खूबसूरत परंपरा है कि राष्ट्रपति संसद की साझा बैठक को संबोधित करते हैं। अभिभाषण के मायने स्पष्ट हैं कि केंद्र सरकार की नीतियों, योजनाओं, उसके कार्यक्रमों और विजन का यह सारांश खुलासा होता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उसी गरिमामय परंपरा को निभाया है। उन्होंने मोदी सरकार की उन परियोजनाओं की प्रशंसा की, जिन्हें देश अक्सर सुनता रहा है, लेकिन विपक्ष पूरी तरह सहमत नहीं है। वह उन्हें लीपापोती मानता है अथवा झूठे आंकड़े करार देता है। मसलन-गरीबी से बाहर निकालने वाले लोगों का डाटा सवालिया है। देश की जनता उन परियोजनाओं से इसलिए भी वाकिफ है, क्योंकि वह ही लाभार्थी है, लेकिन इस बार राष्ट्रपति मुर्मू का फोकस आर्थिक समृद्धि और सुधारों की निरंतरता पर अधिक रहा है। देश की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी के करीब है और भारत का औसत विकास विश्व में सर्वाधिक और सबसे ज्यादा गतिमान है। भारत बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था होगा, सरकार का यह संकल्प है। यानी जापान और जर्मनी भी भारत से पीछे होंगे। राष्ट्रपति का उल्लेख कोई नया नहीं है। सत्तारूढ़ पक्ष अक्सर ऐसे दावे करता रहा है। आम चुनाव के दौरान ऐसे डाटा की भरमार रही, लेकिन मोदी सरकार ने राष्ट्रपति के जरिए यह खुलासा कराया है, लिहाजा उसे विश्वसनीय मानना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने 18वीं लोकसभा के पूर्ण बजट का भी कुछ प्रारूप रखा है कि वह भारत की जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों के अनुसार होगा। संसद के जुलाई सत्र में जो बजट पेश किया जाएगा, वह वाकई जनवादी होगा। उसमें दूरगामी नीतियों और भविष्य के विजन के साथ-साथ ऐतिहासिक कदम भी उठाए जाएंगे। बेशक राष्ट्रपति भी उन कदमों का खुलासा नहीं कर सकती थीं, क्योंकि बजट की गोपनीयता का तकाजा था। यह गौरतलब रहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रपति के सौजन्य से यह सिद्धांत स्पष्ट कराया कि देश का विकास, उसके राज्यों के विकास पर ही, आश्रित है, क्योंकि तभी एक राष्ट्र के समग्र विकास का आकलन किया जा सकता है और एक राष्ट्रीय तस्वीर सामने आती है। इस विकास में प्रतिस्पर्द्धा भी होनी चाहिए और सहकारिता का भाव भी रहना चाहिए, यही भारत का सच्चा संघीयवाद है। राष्ट्रपति ने कुछ ऐसे क्षेत्रों का उल्लेख किया,जो 'सूर्योदय' की तरह माने जाते हैं। मसलन-विद्युत वाहन, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाईड्रोजन, बैटरी आदि। इन क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। ये भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और प्रगति के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने जलवायु परिवर्तन का भी जिक्र किया, जो बराबर की चुनौती है और सरकार उस संदर्भ में लगातार सक्रिय है। यह भी वैश्विक चुनौती है, जो किसी महामारी से कम नहीं है। राष्ट्रपति मुर्मू का फोकस महिला सशक्तिकरण पर रहा और उन्होंने देश के संपूर्ण बुनियादी ढांचे की सराहना की। जो सडकें, पुल, राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे आदि बनाए जा रहे हैं, रेल और हवाई यात्रा का विस्तार किया गया है, कमोबेश उन्हें मोदी सरकार का 'हालमार्क' माना जाता है। गौरतलब तथ्य यह भी है कि बेशक भारत विश्व की तीसरी महाशक्ति होगा, अमरीका और चीन के बाद भारत की अर्थव्यवस्था होगी, लेकिन विश्व की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे गरीब देश भी होगा। यह लड़ाई अभी बहुत लंबी है। भारत में आर्थिक असमानताएं काफी व्यापक हैं। दरअसल मोदी सरकार की अग्निपरीक्षा यह है कि वह विकास के सभी स्तंभों की बुनियाद मजबूत करे। इसमें कृषि, विनिर्माण और सेवा-क्षेत्र शामिल हैं। सभी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर रोजगार और नौकरियां पैदा करे, ताकि करोड़ों बेरोजगारों को माकूल काम दिया जा सके। उससे भी आर्थिक विकास बढ़ता है। राष्ट्रपति के जरिए नीट पेपरलीक का मुद्दा उठवाया गया और संसद में शोर-हंगामे की बात कही गई, वह इतने व्यापक संदर्भों में बेमानी है। राष्ट्रपति ने जो आर्थिक विजन दिया है, यदि सरकार उसका अक्षरशः पालन कर सके, तो भारत की तस्वीर बदल सकती है। अभी बयान ज्यादा हैं और यथार्थ निश्चित ही बेहद कुरूप है।

# कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का किया पुतला दहन




बागेश्वर( उद संवाददाता) ।देवभूमि उत्तराखंड में आए दिन प्रदेश में महिलाओं के साथ हुई हत्या, बलात्कार की घटनाओं में बढ़ोत्तरी से नाराज कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला, और प्रदेश में महिलाओ के साथ हुई घटनाओं में भाजपा नेताओं के नाम आने पर भाजपा सरकार पर आरोपियों को बचाने और पुलिस पर आरोपियों को बचाने के लिए दबाव बनाने के आरोप लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह इसीला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला दहन किया ।कांग्रेसी नेता हरीश ऐठानी ने सभा कर कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में भाजपा सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में राज्य में हत्या, चोरी डकैती,और मासूमो के साथ बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों की घटनाओं में वृद्धि हुई हैं।अंकिता भण्डारी हत्याकांड की घटनाओ से लेकर हेमा नेगी हत्याकांड पिंकी हत्याकांड और बागेश्वर में भाजपा के पदाधिकारी द्वारा मासूम का ब्लातकार और चंपावत जिले में मुख्यमंत्री के विधान समा क्षेत्र में भाजपा मण्डल अध्यक्ष के द्वारा नाबालिक के साथ बलात्कार और अब हरिद्वार जनपद के बहादराबाद में13 साल के मासूम्म के साथ सामुहिक बलात्कार के बाद हत्या की घटना ने मानवता को शर्मशार किया है।वही कांग्रेस नेता राजेन्द्र टँगड़िया ने कहा कि प्रदेश में महिला अत्याचार की इन घटनाओं से गिरती कानून व्यवस्था उजागर होने के साथ-साथ राज्य की अस्मिता पर भारी चोट पहुंची हैं। महिला अपराध की अधिकतर घटनाओं में उत्तराखण्ड राज्य के सत्ताधारी दल भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आने के कारण पुलिस पर इन घटनाओं में लीपापोती का दबाव बनाया जाने के आरोप लगाए हैं।और आरोपी भाजपा नेताओं को सत्ता की भनक में बचाने के आरोप भी लगाए।कांग्रेस ने राज्य भर में लगातार महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार और हत्याकांड,चोरी, डकैती, लूटपाट जैसी जघन्य अपराधो की बढ़ती घटनाओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एसबीआई तिराहे पर एकत्र होकर भाजपा सरकार को भ्रष्ट सरकार और महिलाओ के साथ हो रही घटनाओं पर बढ़ोत्तरी, और कानून व्यवस्था कमजोर होने के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व तमाम भाजपा के जनप्रतिनिधिगणों का पुतला दहन किया। और मुख्यमंत्री से तत्काल सभी मामलों में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग,और जिन मामलों में भाजपा नेताओं के नाम आरोप लगे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मामलों की सीबीआई जांच की मांग की।और प्रदेश में महिलाओं से हुए अत्याचार, बलात्कार और हत्याओं के मामले बढ़ने पर उनके इस्तीफे की मांग की।इस दौरान जिला महामंत्री कवि जोशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता रावल, सुनील भंडारी,प्रदेश साचिव हरीश त्रिकोटी,कुन्दन गिरी गोस्वामी,किशन गिरी, विनोद पाठक,संजय रावल, लक्ष्मी धर्मशक्तू, गोपा धपोला,इंद्रा जोशी, ललित बिष्ट,गोकुल परिहार,जयदीप कुमार, प्रकाश वाछमी,ललित आदि मौजूद थे।

## शीशमहल



एक नगर में एक शीशमहल था । महल की हर एक दीवार पर सैकड़ों शीशे जड़े हुए थे स अगर कोई महल के किसी कोने में खड़ा होता तो उसके सैकड़ों प्रतिबिम्ब दिखाई देते। एक दिन एक गुस्सैल कुत्ता महल में घुस गया। महल के भीतर उसे सैकड़ों कुत्ते दिखे, जो उसी की तरह गुस्से में दिखाई दे रहे थे । वह वह भौंकने लगा तो सैकड़ों कुत्ते उसे अपने ऊपर भौंकते दिखे । वह डरकर भाग गया। उसने मन ही मन सोचा कि इससे बुरी जगह कोई नहीं हो सकती । कुछ दिनों बाद एक अन्य कुत्ता उस शीशमहल में पहुंचा स वह खुशमिजाज और जिंदादिल था स महल में घुसते ही उसे वहां सैकड़ों कुत्ते दुम हिलाकर स्वागत करते दिखे स उसका आत्मविश्वास बढ़ा और उसने खुश होकर सामने देखा तो उसे सैकड़ों कुत्ते खुशी जताते हुए नजर आये स उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। जब वह महल से बाहर आया तो उसने महल को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ स्थान और वहां के अनुभव को अपने जीवन का सबसे बढ़िया अनुभव माना स वहां फिर से आने के संकल्प के साथ वह वहां से रवाना हो गया। संसार भी शीशमहल है स जो लोग संसार को आनंद का बाजार मानते हैं, वे यहाँ से हर प्रकार के सुख और आनंद के अनुभव पाते हैं स जो लोग इसे दुखों का कारागार समझते हैं उनकी झोली में दुःख और कटुता के सिवाय कुछ नहीं बचता। इसलिए हमें सदैव खुश रहना चाहिये और ईश्वर का धन्यवाद करना चाहिये तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है ।

**प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ, रूद्रपुर**

# डीसीआरबी और महिला हेल्प लाइन प्रभारी ने लगाई जागरूकता चौपाल

बागेश्वर( उद संवाददाता) ।डीसीआरबी और महिला हेल्प लाइन प्रभारी ने जन शिक्षण संस्थान में नए आपराधिक कानून और नशे के दुष्प्रभावों, महिला अधिकारों एवं सुरक्षा को लेकर चौपाल लगाकर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति एवं जनजागरुकता अभियान के तहत डीसीआरबी प्रभारी निरीक्षक श्वेता दिगारी व महिला हेल्पलाइन प्रभारी उपनिरीक्षक मीना रावत द्वारा जन शिक्षण संस्थान बागेश्वर में उपस्थित महिलाओं और पुरुषों को नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए नए आपराधिक कानूनो में महिलाओं की सुरक्षा



हेतु बनाये गये प्राविधानों के बारें में, महिला सम्बन्धी अपराधों व उनसे बचाव के तरीकों के साथ-साथ वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों व उनसे बचाव के तरीकों,उत्तराखण्ड पुलिस एप व गौरा शक्ति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त मौजूद सभी लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों, बाल भिक्षा वृत्ति, महिला अपराध,मानव तस्करी, बाल श्रम, महिला सम्बन्धी कानून के साथ-साथ पुलिस हेल्पलाइन नम्बर डॉयल- 112, साइबर हेल्पलाइन नम्बर- 1930, सीएम हेल्पलाइन नम्बर-1905 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।सभी से देवभूमि को नशामुक्त बनाने के लिए इस अभियान को सफल बानाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। तथा चरस/स्मैक/ शराब व अन्य अवैध मादक पदार्थों की बिक्री/तस्करी करने वाले लोगों के सम्बंध में सूचना पुलिस को देने की अपील की।

# भारतीय सेना बदलाव की ओर अग्रसर!

भारत एक शांतिप्रिय देश है और प्राचीन काल से भारत भूमि राजकौशल, युद्धकला और रणनीतियों की वीरभूमि रही है। लेकिन अब आधुनिक युद्ध कौशल, सैन्य साजो-सामान और तकनीकों के आने से सेना अपने नए लॉन्च किए गए 'प्रोजेक्ट उद्भव' के माध्यम से और यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) के सहयोग से भारतीय सैन्य प्रणालियों, युद्धकला और सामरिक विकास के दृष्टिकोण से बदलाव की ओर अग्रसर है। इस अध्ययन का समग्र उद्देश्य आधुनिक सैन्य शिक्षाशास्त्र के साथ सदियों पुराने ज्ञान को एकीकृत करना है। साल 2023 की ग्लोबल फायर पावर रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना की गिनती दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेनाओं में की जाती है। एक बात पर ध्यान देने की जरूरत है कि जब से अग्निवीर भर्ती योजना आई है, तब से नेपाल में किसी भी तरह की भर्ती रैली का आयोजन नहीं हुआ है। आजादी से पहले तक गोरखा रेजिमेंट में करीब 90 फीसदी गोरखा सैनिक नेपाल के होते थे और 10 फीसदी भारतीय गोरखा, लेकिन बाद में इसे 60 फीसदी नेपाली डोमेसाइल गोरखा और 40 फीसदी भारतीय डोमेसाइल गोरखा कर दिया गया। लिहाजा भारत सरकार को भारतीय युवाओं और गोरखा सैनिकों की नियमित सैनिक भर्ती को अनुमति देनी चाहिए। भारतीय सशस्त्र बलों का एक गौरवशाली अतीत रहा है और बाह्य एवं आंतरिक सुरक्षा स्थापना में हमारे अधिकारियों एवं जवानों ने वीरता और बलिदान की अतुलनीय एवं अनुकरणीय गाथाएं रची हैं। इतना ही नहीं, आजादी के बाद देश की सीमाओं के भीतर आंतरिक सुरक्षा की बात हो, आतंकवाद से मुकाबले की बात हो, घुसपैठ का मामला हो या कानून व्यवस्था का मसला हो, सीमापार से थोपी हुई लड़ाइयां हों अथवा संयुक्त राष्ट्र संघ शांति स्थापना अभियान, प्रत्येक मोर्चे पर हमारे सशस्त्र सेनाओं के अधिकारियों एवं जवानों ने अपनी बहादुरी की अद्भुत दास्तानें लिखी हैं जो आज भी हमारी पीढियों को प्रेरित करती हैं। हमारे सैनिकों की बहादुरी एवं बलिदान का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आजादी के बाद हुई लड़ाइयों और आतंकवाद विरोधी कार्रवाइयों में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के 25942 अधिकारी और जवान शहीद हुए हैं। आजकल जो भर्तियां होती हैं, वे किसी भी राज्य की पुरुष जनसंख्या के अनुपात को ध्यान में रखकर की जा रही हैं, जिस



वजह से भारतीय सशस्त्र सेनाओं में हिमाचली युवाओं की भागीदारी घटी है। ऐसा माना जाता है कि श्मशीन के पीछे खड़ा आदमी ही महत्वपूर्ण है, लिहाजा हमारी सैन्य तैयारियों में हथियारों को स्त्रोन्नत करने के साथ-साथ उन आधुनिक मशीनों और हथियारों को चलाने वाले सैनिकों को भी उच्च प्रशिक्षित कर उन्हें हुनरमंद, सक्षम, कुशल तथा योग्य बनाने की होनी चाहिए जो अग्निवीर भर्ती योजना में संभव नहीं है। लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) एचएस पनाग के अनुसार वर्ष 2020 से नियमित सैनिकों की कोई भर्ती नहीं की गई है, जबकि हर साल 50 से 60 हजार के बीच सैन्यकर्मी रिटायर होते हैं। 2020 से 2023 के बीच दो लाख से लेकर 2.4 लाख के बीच सैनिक रिटायर हुए हैं, जबकि पेंशन खर्च से बचने की नीति के चलते अब तक केवल 72340 अग्निवीर ही ट्रेनिंग के बाद यूनिटों में शामिल किए गए हैं। इस तरह 127660 से लेकर 168660 कर्मियों की कमी हो गई है। इस कमी के कारण सेनाओं की ऑपरेशनल कुशलता पर काफी बुरा असर पड़ा है। भारतीय सेना में अफसरों की वैसे ही कमी चल रही है और हमारी सेना कुल 18.3 फीसदी अधिकारियों की कमी से जूझ रही है। पेंशन बिल में कमी आने में अभी 15 से 20 साल लगेंगे। जब सेवारत अग्निवीरों का प्रतिशत बढ़ेगा और उसी अनुपात में रिटायर होने वाले नियमित सैनिकों की संख्या कम होगी, यहां यह बताना उपयुक्त होगा कि तब तक अनुमान है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 20 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और तब जीडीपी के 2-3 फीसदी के बराबर के रक्षा बजट का आकार करीब 400/600 अरब डॉलर के बराबर हो जाएगा। यह वृद्धि वेतन तथा पेंशन बिल में वृद्धि के अलावा सेनाओं में बदलाव के उपायों को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा। लिहाजा अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव अपेक्षित है। यह देखते हुए कि आने वाले समय में लड़े जाने वाले युद्ध परमाणुयुक्त, एनबीसी वारफेयर और अत्याधुनिक मिसाइल तकनीक पर आधारित होंगे, इसलिए हमारे सैनिकों को व्यवहार कुशल एवं बौद्धिक रूप से सक्षम बनाने, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन स्किल, साइबर लर्निंग, इलेक्ट्रॉनिक्स वारफेयर, प्रोपेगैंडा, मनोवैज्ञानिक तौर तरीके, मीडिया तथा सोशल मीडिया, हनिट्रेप आदि पर आधारित नई लड़ाइयों से निपटने की सिखलाई देने की आवश्यकता है। सख्त शारीरिक प्रशिक्षण के अतिरिक्त विशेषज्ञों और मोटिवेटरों द्वारा सैनिकों के मोटिवेशन लेवल को बढ़ाने की भी जरूरत है। सैनिकों में बढ़ते असंतोष के दृष्टिगत पुरानी पारम्परिक कार्यप्रणालियों, नियमों, रहन-सहन एवं खानपान संबंधी व्यवस्थाओं में बदलाव की जरूरत है। भर्ती संबंधी नियमों में बदलाव लाकर निचले स्तर पर सीधे जेसीओज एवं हवलदार पदों पर उच्च शिक्षित युवाओं को भर्ती करने तथा पुराने रैंक्स का नाम बदलकर वायुसेना की तर्ज पर नए पदनाम दिए जाने चाहिए। हमारे अधिकारियों एवं सैनिकों ने पिछले 70 सालों में हुए युद्धों एवं आतंकवाद के विरुद्ध हुई लड़ाइयों में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। आधुनिक जमाने में अपने आर्थिक हितों के मद्देनजर जिस प्रकार से चीन और अमरीका आक्रामक अंदाज में एक-दूसरे से उलझ रहे हैं, इसके दृष्टिगत यह वक्त का तकाजा है कि सरकार न केवल हमारे सैनिकों को आधुनिक बनाए, बल्कि सारी भारतीय सेना की अत्याधुनिक हथियारों की जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करे और रक्षा खरीद सौदों को सिरे चढ़ाए। अग्निवीर की जगह नियमित सैनिकों की भर्ती, पेशेवर सैन्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण द्वारा ही हम भविष्य में लड़ी जाने वाली लड़ाइयों में अपने दुश्मनों को जवाब दे पाएंगे।

-अनुज आचार्य,स्वतंत्र लेखक

# 224.49 लाख के विकास कार्यों का मंत्री ने किया लोकार्पण

## विभागीय अधिकारियों को दिए आमजनता के हितों के लिए कार्य करने के निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)।कौसानी पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने 224.49 लाख के चार लोक कार्यों का लोकार्पण किया। जिनमें राजकीय इंटर कॉलेज सानीउड़ियार के मुख्य भवन का सुदृढ़ीकरण एवं चाहरदीवारी का निर्माण 43.39 लाख , राजकीय इंटर कॉलेज काफलीगैर में भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कार्य 61.50 लाख, राजकीय इंटर कॉलेज बदियाकोट में भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कार्य 60.92 लाख व राजकीय इंटर कॉलेज लीती में आर्ट क्राफ्ट रूम, विज्ञान प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का निर्माण कार्य 58.68 लाख हैं। इसके बाद कैबिनेट मंत्री श्री रावत ने विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य तथा उच्च शिक्षा में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी, विभाग शीघ्र अपनी विभिन्न कार्य योजनाओं की मांग को जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को प्रेषित करें, शीघ्र ही धन अवमुक्त कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेश चौहान ने जनपद की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री रावत ने कहा कि जनपद में शीघ्र ही विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति के साथ ही, बॉन्डधारी चिकित्सको की नियुक्ति आवश्यकता अनुसार की जाएगी। उन्होंने जनपद में सीएचओ एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर शीघ्र नियुक्ति की कार्रवाई के आदेश दिए।उन्होंने कहा कि जनपद में आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जन प्रतिनिधि व



विभिन्न विभाग आपस में मिलकर प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाएं, उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को बिना कारण के रेफर न किया जाए, रेफर की स्थिति में रेफर करने की वजह स्पष्ट रूप से लिखी जाए, साथ ही गंभीर आपात स्थिति में मरीज को एयर एंबुलेंस का भी लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने समस्त गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव करवाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि मोतियाबिंद मुफ्त ऑपरेशन कराने की सरकार की योजना है, इस संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करके लोगों को इसका लाभ दिलाएं। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कैबिनेट मंत्री ने मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह सोन को शीघ्र प्राथमिक अध्यापकों की नियुक्ति प्रारंभ करने की प्रक्रिया शुरू करने,जनपद में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए, डीपीआर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि धन आबंटित किया जा सके। उन्होंने उच्च की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन महाविद्यालयों में संसाधनों की आवश्यकता है, उसके प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए।खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावटखोरों के खिलाफ नियमित चेकिंग अभियान चलाते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर दिए जाने वाले ऋण की जानकारी लेते हुए कहा कि इसमें अधिक से अधिक किसानों को लाभ प्रदान किया जाए। इसमें मत्स्य ,उद्यान, पशुपालन, एवं कृषि विभाग की योजनाओं को सहकारिता के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कैबिनेट मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप संबंधित विभागों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा आर्या, जिलाध्यक्ष भाजपा इंद्र सिंह फर्स्वाण, जिला पंचायत सदस्य जनार्जन लोहनी, नवीन नमन, सुनील दोसाद,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपमा ह्यांकी, डॉ देवेश चौहान, डॉ हरीश पोखरिया, सीएमएस डॉ वीके टम्टा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# भाजपा नेताओं ने जल संस्थान अधिकारियों से की मुलाकात

खटीमा(उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में जल संस्थान के जेई कमल जोशी एवं एई बंशीधर भट्ट से मुलाकात की एवं मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत जल संस्थान को प्राप्त दो टैंकरों एवं जल संस्थान को प्राप्त जनरेटर का निरीक्षण किया । सरकार द्वारा जल संस्थान खटीमा के लिए भविष्य में लागू की जाने वाली योजनाओं की जानकारी ली।जेई कमल जोशी ने बताया कि एबीपीएल द्वारा लगभग 100 करोड़ की योजनाएं खटीमा विधानसभा में प्रस्तावित हैं। क्षेत्र में प्रत्येक गांव में पेयजल निगम द्वारा पानी के टैंक स्थापित किये जा चुके हैं एवं प्रत्येक परिवार को निशुल्क जल कनेक्शन दिया जा रहा है। जहां-जहां



पानी की पाईपलाइन बिछाई जा चुकी है वहां नि:शुल्क जल कनेक्शन दिए जाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत जल संस्थान को दो पानी के टैंकर प्राप्त हो चुके हैं एवं लाइट जाने से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए एक बड़ा जनरेटर जल संस्थान को मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया है जिससे लाइट ना आने की स्थिति में होने वाली पानी की किल्लत से छुटकारा मिलेगा। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा खटीमा विधानसभा के लिए बहुत से कार्य प्रस्तावित है। आने वाले 40 वर्षों की रूपरेखा तैयार कर जल संस्थान द्वारा व्यापक सर्वे कराकर खटीमा क्षेत्र में प्रत्येक घर तक स्वच्छ जल उपलब्ध कराने एवं जल संस्थान द्वारा खटीमा क्षेत्र की सभी ब्लॉकों को आपस में जोड़कर ठोस योजना तैयार की जा रही है। आने वाले समय में क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को शुद्ध एवं सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सतीश गोयल,नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व सभासद गोकुल ओली, पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन सिंह, अनमोल अग्रवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, भाजपा नेता विवेक गुप्ता, करण यादव, प्रदीप गुप्ता, मेहताब राजा, इकबाल अहमद, हाफिज उर रहमान, अवधेश गोयल अंकुर गोयल उपस्थित थे।


# बैडमिंटन हॉल के लिए अधिक शुल्क लेने का विरोध

## डीएम व खेल अधिकारी को दिया शिकायती पत्र

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला इंडोर स्टेडियम बैडमिंटन हॉल के लिए शुल्क अधिक लिए जाने पर अभिभावक परेशान हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। कहा कि सरकार से निर्धारित शुल्क लिया जाए। जिससे उनके बच्चों को रहात मिल सकेगी। जबकि सरकारी खेलों को बढ़ावा दे रही है।अभिभावकों ने गुरुवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। कहा कि खेल विभाग के बैडमिंटन कोर्ट में खेलने वाले खिलाड़ियों का वार्षिक शुल्क 800 रुपये निर्धारित है। यह शुल्क 18 से कम आयु के खिलाड़ियों के लिए है। लेकिन हॉल में कोच समेत कुछ सीनियर खिलाड़ी प्रति खिलाड़ी प्रतिमाह न्यूनतम 3000 रुपये शुल्क ले रहे हैं। 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को सुबह छह से आठ तथा शाम चार से सात बजे तक कोचिंग करा रहे हैं। इसके अलावा फैदर की शटल के दो डिब्बे अलग से प्रतिमाह मंगवाए जा रहे हैं। जिसकी लागत 3000 से 4000 रुपये है। जिससे एक अभिभावक प्रतिमाह 6000 से 7000 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। साथ ही कालेज करने वाले खिलाड़ी भी इन बच्चों के लिए विभाग से निर्धारित समय में बैडमिंटन कोर्ट में उपस्थित रहते हैं। स्कूल करने वाले नए खिलाडियों को खेलने से रोकते हैं। कहा कि खेल विभाग समय-समय पर शिविर आयोजित करता है। विशेष कैंप में प्रतिभाग करने के लिए भी शुल्क लिया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में गरीब बच्चों का खिलाड़ी बनने का सपना साकार नहीं हो सकता है। उन्होंने उचित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पंकज कांडपाल, मोहन चंद्र, सुंदर सिंह, पवन सिंह आदि उपस्थित थे।

# दरक रही पहाड़ी से दुर्घटना की आशंका

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय से सटे बागेश्वर-कपकोट मोटर मार्ग स्थित काभड़भ्योल के पासकई वर्षों से पहाड़ी से मलुवा गिर रहा है, गत वर्ष



भी पहाड़ी के टूटने से विशालकाय बोल्डर गिरने से सड़क मार्ग बाधित हुआ था, जहां पहाड़ी गिरने से भरभराकर टूटने से मलुवा सरयू नदी में गिर गया था, वही सड़क बन्द होने से कपकोट, रीमा सहित मुनस्यारी शामा सहित अन्य क्षेत्रों को जाने वाला मार्ग बंद हो गया था, वही फिर अचानक फिर पहाड़ी दरक रही है। पहाड़ी के ऊपरी भाग में बड़े बोल्डर में दरार के निशान दिखने से लोगों को कभी भी कोई दुर्घटना होने की आशंका सता रही है। इस मार्ग पर दिनभर में सैकड़ों छोटे बड़े वाहन चलते हैं। लोगों नेबारिश से पूर्व पहाड़ी के कमजोर होने और बरसात में पहाड़ी से भूस्खलन रोकने और कमजोर हुई चट्टान से बचाव के उपाय करने की जिलाप्रशासन व बीआरओ से समाधान की मांग की है।

# मॉक ड्रिल में परखे अग्नि सुरक्षा के इंतजाम

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अग्निशमन केंद्र ने रघुनाथ सिटी मॉल की पार्किंग एरिया में मॉक ड्रिल कर अग्निकाण्ड से निपटने की तैयारियों को परखा। इस दौरान मॉल कर्मियों ने भी मॉक ड्रिल में प्रतिभाग किया। एसएसपी देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी अल्मोड़ा नरेंद्र सिंह कुँवर के पर्यवेक्षण में फायर स्टेशन अल्मोड़ा की टीम ने रघुनाथ सिटी मॉल अल्मोड़ा में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत मॉक ड्रिल का अभ्यास किया । फायर सर्विस टीम और मॉल के कर्मचारियों ने संयुक्त



रूप से रघुनाथ सिटी मॉल एण्ड सिनेमा में फायर फाइटिंग का अभ्यास किया। जिसके अंतर्गत मॉल के पार्किंग एरिया में कृत्रिम आग लगाकर फायर फाइटिंग टीम द्वारा फायर हाइड्रेंट व प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के द्वारा आग को बुझाया गया। साथ ही प्रभारी फायर स्टेशन अल्मोड़ा लीडिंग फायरमैन किशन सिंह द्वारा मॉल के स्टाफ को प्राथमिक अग्निशमन उपकरण के संचालन व आग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके उपरांत मॉल का अग्निशमन सुरक्षा दृष्टिकोण से फायर ऑडिट किया गया। इस दौरान फायर सर्विस टीम के फायरमैन किशन सिंह, फायरमैन प्रकाश पांडे,महिला फायरकर्मी सुश्री प्रियंका राणा, निकेता, सरोज डसीला आदि थे।

# कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। तेज रफ्तार कार ने टैंपों में टक्कर मार दी जिससे उसका चालक गंभीररूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की माग की है। राजा कालोनी रुद्रपुर निवासी करन पुत्र राम कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र टैंपो लेकर हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर आ रहा था। वह बेलबाबा मंदिर रामपुर रोड हल्द्वानी के पास आटो को सडक किनारे कच्चे में खडा कर ढाबे से खाना लेने जा रहा था कि हल्द्वानी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार संख्या- यूपी34 बीएस 4080 के चालक ने आटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिस कारण आटो में बैठा उसका राजेश गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पेज एक का शेष...

**गैस सिलेंडरों से भरा....** धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि चालक की पहचान हरीश चंद्र बिष्ट पुत्र परी सिंह निवासी कपकोट बागेश्वर के रूप में हुई है। कंडक्टर की पहचान नहीं हो सकी है। कंडक्टर की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं।

**पिकप खाई में गिरने से ...** घायल हैं। सूचना पर थाना देवप्रयाग, चौकी बछेली खाल से फोर्स आपदा राहत उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचा तो देखा शिव मूर्ति के पास जल निगम टैंक वाली रोड के समीप पिकअप वाहन संख्या यूके 12सीए 0295 अनियंत्रित होकर हाईवे से लगभग 40-50 मीटर नीचे खाई में गिरा हुआ था। दुर्घटना में पिकअप चालक 29 वर्षीय सुमित पुत्र हेम सिंह निवासी ग्राम बिरसडी, ब्लॉक कोट, पट्टी कंडवालस्यू, जनपद पौड़ी गढ़वाल के सिर पर चोट लगने के कारण मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई थी। सुमित के गांव का ही उसका साथी 36 वर्षीय धीरेंद्र पुत्र सुल्तान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस द्वारा सरकारी वाहन से मृतक व घायल को स्वास्थ्य केन्द्र बागी, देवप्रयाग भिजवाया गया और परिवार वालों को घटना की सूचना दी गयी। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। देवप्रयाग एसएचओ महिपाल रावत ने बताया कि घटना सुबह हुई।

**गणेश जोशी ने केन्द्रीय....**गणेश जोशी ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी भेंट की और उत्तराखंड के कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए प्रदेश के किसानों के हितों से जुड़ी मांगों से कृषि मंत्री को अवगत कराया। प्रदेश में जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए घेरबाड़ हेतु 500 करोड़ की व्यवस्था करने का अनुरोध किया तथा झंगोरा को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सम्मिलित करने का अनुरोध भी किया। साथ ही पीएमजीएसवाई के अधूरे कार्यों की समय सीमा को मार्च 2025 तक बढ़ाने का आग्रह किया ।

**राज्य कर कर्मचारियों ने....**रही है। धरना प्रदर्शन में शाखा अध्यक्ष भीम सिंह, शाखा मंत्री चन्द्र सेन, शाखा संरक्षक अरविन्द सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुसुम वर्मा एवं राकेश जखमोला, शेखर सिंह, दीपक राणा, हेमचन्द लोहनी, नीतीश कुमार, मौ. वसीम, किरन भण्डारी, कहकशा कुरेशी, सबा रानी, राजकुमार, लोकेश चन्द, जमील के साथ-साथ प्रान्तीय कार्यकारणी से विशाल अग्रवाल, एवं संजय उपाध्याय द्वारा राज्य कर अधिकारी के पदों की कटौती की घोर भर्त्सना की गयी।

**प्रापर्टी डीलर रवि....**मेरठ (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। एसएसपी ने बताया कि रामवीर सिंह के विरुद्ध मुजफ्फरनगर में पूर्व में हत्या, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट के 12 मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा देवेंद्र कुमार के विरुद्ध मारपीट, आपराधिक धमकी, धोखाधड़ी, हत्या के देहरादून के विभिन्न थानों में चार मुकदमे, हरीश कुमार शर्मा के विरुद्ध छेड़छाड़ धमकी व हत्या के दो मुकदमे, अंकुश के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने व हत्या के मुकदमे, सागर यादव उर्फ शंभू के विरुद्ध मारपीट, आपराधिक धमकी व हत्या के दो मुकदमे, मनीष कुमार के विरुद्ध हत्या व हत्या के प्रयास के दो और योगेश के विरुद्ध हत्या व हत्या के प्रयास के तीन मुकदमे दर्ज हैं।

**पनीर प्लांट में छापा...**खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल चल रहा है। न केवल पनीर बल्कि, दूध, मसाले और मिलावटी चावल भी धड़ल्ले से सप्लाई हो रहा है। यात्रा मार्ग पर खाद्य पदार्थों की मांग ज्यादा है, जिसकी पूर्ति नकली व मिलावटी सामान से की जा रही है।

**केजरीवाल की रिहाई के....**लोकसभा चुनाव से ठीक पहले की गई। यह एक षड्यंत्र है। जिसमें मोदी सरकार अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार से रोकना चाहती थी। जब केंद्र सरकार को लगा कि अब अरविंद केजरीवाल की रिहाई हो जाएगी तो उन्होंने तिहाड़ जेल से ही सीबीआई के माध्यम से केजरीवाल को पुन: गिरफ्तार कर लिया यह एक घटिया साजिश है। मोदी सरकार लाख कोशिश कर ले लेकिन आम आदमी पार्टी के और अरविंद केजरीवाल के बढ़ते हुए कदमों को नहीं रोक सकती है। विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष जनार्दन सिंह, प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी, कमल श्रीवास्तव, किरण विश्वास, रामबाबू, जावेद मलिक, नासिर, जीशान अंसारी, वसीम रजा, मनोज शाही, राघवेंद्र, पवन विश्वास, चेतन कांडपाल सहित दर्जनों साथी उपस्थित रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338